**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Criminal Miscellaneous Bail Application No. 13243/2025

Rati Ram S/o Mahturalal

----Petitioner

Versus

State Of Rajasthan

----Respondent

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Paras Jain |
| For Respondent(s) | : | Mr. Samarth Sharma<br>Mr. Amit Gupta, Add. G.A. Cum P.P. with Mr. Shubham Sain, AAAG |

**HON'BLE MR. JUSTICE VINOD KUMAR BHARWANI**

**Order**

**01/12/2025**

सुना गया।

योग्य अधिवक्ता प्रार्थी/अभियुक्त का तर्क है कि पक्षकारान के मध्य लेन–देन का मामला है, प्रार्थी को इस प्रकरण में मिथ्या लिप्त किया जा रहा है, प्रार्थी/अभियुक्त अनुसंधान में भाग लेने व संबंधित अनुसंधान अधिकारी के समक्ष अनुसंधान में सहयोग करने हेतु तैयार व तत्पर हैं।

दोनों पक्षों की ओर से प्रस्तुत अधिवक्तागण द्वारा प्रस्तुत तर्कों, पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यों व प्रकरण की समस्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थी को प्रकरण के अनुसंधान हेतु दिनांक **18.12.2025** को या इससे पूर्व **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या–143/2025, पुलिस थाना महावीर नगर, जिला कोटा शहर** के अनुसंधान अधिकारी के समक्ष उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया जाता है।

अनुसंधान अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि वे प्रार्थी से गहनता से आवश्यक पूछताछ करने के पश्चात् प्रकरण की तथ्यात्मक रिपोर्ट मय केस डायरी योग्य लोक अभियोजक के माध्यम से आगामी तारीख पेशी पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें।

पत्रावली दिनांक **08.01.2026** को सूचीबद्ध की जावे, तब तक प्रार्थी/अभियुक्त **रत्तीराम पुत्र श्री मथुरा लाल** को इस प्रकरण में गिरफ्तार नहीं किया जावे।

(VINOD KUMAR BHARWANI),J

Manoj Adwani /267